अव्यवस्था नगना पंचायत में हैंडपंप तो हैं मगर उनमें पानी नहीं

जमीन पर जल व्यवस्था योजना को लग रहा पलीता

राकेश नगाइच

नवभारत, बेलखाडू । जल संकट से जूझ रहा पनागर जनपद पंचायत अंतर्गत, ग्राम पंचायत नगना और उसके पोषक ग्राम पौड़ी, हरदुआ नल-जल योजना योजना की बाट जोह रहे हैं, वहीं अनेकों हैंडपंप बंद पड़े हैं।

गरीब आदिवासी बस्तियों के लोगों का कहना है पीएचई विभाग की उदासीनता के चलते ग्राम पंचायत नगना में पेयजल संकट गंभीर चिंता का विषय है। ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम नगना में अब तक नल-जल योजना का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है, जबकि पूर्व में लगाए गए नल अत्यंत जर्जर अवस्था में पहुंच चुके हैं। गांव के अधिकांश हैंडपंप बंद पड़े हैं या खराब हो चुके हैं, कई स्थानों पर उनके आसपास लंबी-लंबी झाड़ियां उग आई हैं, जिससे साफ है कि लंबे समय से कोई मरम्मत नहीं की गई। ग्रामीण मजबूरी में

ग्राम पंचायत मे बंद पड़े अनेक नल



महीनों से बंद पड़े नलों में झाड़ियां उग आई

दूर मोहल्ले से पानी लाकर अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं ।

तीन ग्रामों में दर्जनों नल-हैंडपंप बंद

जानकारी के अनुसार ग्राम नगना में लगभग 6 हैंडपंप,नल बंद हैं ,ग्राम खैरी में 3 हैंडपंप बंद, ग्राम हरदुआ में 2 हैंडपंप बंद पड़े हैं, तीन गांवों को मिलाकर पंचायत स्तर पर जल संकट गंभीर रूप ले चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि पीएचई विभाग को दो-तीन माह पूर्व शिकायत दी गई, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

गंदा जंगयुक्त दूषित पानी, खराब फाउंडेशन व कंप्रेशर तक नहीं

ग्रामीणों ने बताया कि कई नलों के फाउंडेशन पूरी तरह खराब हो चुके हैं। कुछ स्थानों पर गंदा व दूषित पानी आ रहा है, जिससे बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों के आरोप हैं कि पीएचई विभाग द्वारा हैंडपंपों में कंप्रेसर नहीं लगाने से जो नल चालू है वो गंदा पानी उगलते हैं , साथ ही मरम्मत कार्य की ओर ध्यान दिया जाना आवश्यक है। विशेष रूप से आदिवासी मोहल्ला नगना में, सुनील गौड़ के घर के सामने, छोटे सैन के सामने, भैया लाल दुबे के सामने, राजू बेन घर के सामने सहित अन्य 3 से अधिक नल बंद पड़े हैं। गर्मी के दिनों में बढ़ती है दिक्कतें ग्रामीणों का कहना है कि जैसे-जैसे गर्मी पास आएगी वॉटर लेवल कम होता जाएगा , पानी की समस्या और विकराल होती जायेगी। पूरे ग्राम की निर्भरता हैंडपंपों पर है। नगना में नहीं है पानी की टंकी घर घर नल जल योजना अंतर्गत नगना में पानी की टंकी, पाइप लाइन और बोर आदि योजना नहीं है। इसलिए गांव में हैंडपंप की महत्ती आवश्यकता होती है।

ग्रामीणों की मांग

ग्रामवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल बंद हैंडपंपों की मरम्मत कराई जाए साथ ही नल-जल योजना का शीघ्र क्रियान्वयन हो ।

इनका कहना है

आपसे जानकारी मिली है कल दिखवाता हूं,जो खराबी होगी बनवाएंगे।
दीपक खरे एसडीओ , पीएचई विभाग पनागर

मैं टीम भेजकर जांच कराती हूं।
सुप्रिया मैडम , इंजीनियर पीएचई

मुझे सरपंच,सचिव या किसी के द्वारा इस प्रकार की कोई शिकायत नहीं मिली है, जहां की भी शिकायत मिलती है बनवाता हूं।
विशाल कोष्टा ,ठेकेदार

मझौली में उर्वरक संकट पर फूटा किसानों का गुस्सा, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

नवभारत,मझौली । रबी 2025 के लिए लागू शासन की ई-विकास प्रणाली मझौली क्षेत्र में सवालों के घेरे में आ गई है। मध्य प्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित की डबल लॉक शाखा मझौली द्वारा बिना किसी लिखित आदेश के शनिवार को शाखा बंद रखे जाने और ई-टोकन व उर्वरक कूपन होने के बावजूद किसानों को खाद न दिए जाने से किसानों में भारी आक्रोश है। इस गंभीर समस्या को लेकर किसानों ने तहसीलदार मझौली को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में किसानों ने आरोप लगाया कि ई-टोकन व्यवस्था का उद्देश्य समय पर उर्वरक उपलब्ध कराना था, लेकिन शाखा में अधिकारी-कर्मचारी मनमानी रवैया अपना रहे हैं। न तो शनिवार बंद रखने का कोई आदेश शाखा परिसर में चस्पा है और न ही खाद उपलब्धता से जुड़ी कोई जानकारी दी जा रही है।

सीमित अवधि वाले कूपन होने के बावजूद किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि समय पर खाद न मिलने से फसल प्रभावित हो रही है और आर्थिक नुकसान बढ़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि मामले की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए, साथ ही उर्वरक वितरण व्यवस्था को तत्काल सुचारु किया जाए। अब सबकी नजर प्रशासन की आगे की कार्रवाई पर टिकी है।

सूर्यदेव के दर्शन दुर्लभ, कड़ाके की ठंड से कांपा इलाका

नवभारत,पनागर। ग्रामीण क्षेत्रों के साथ पनागर नगर में शनिवार को मौसम के बदले मिजाज ने ठिठुरन बढ़ा दी है। ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ पनागर तहसील भी सुबह से घने कोहरे की चादर में लिपटी रही। कोहरे का असर इतना गहरा था कि सुबह से शाम तक धूप की एक किरण भी जमीन तक नहीं पहुँच सकी, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हुआ। तापमान में गिरावट और ठिठुरन अधिक रही,जिससे पनागर के ग्रामीण और मैदानी इलाकों में नमी अधिक होने के कारण ठंड का अहसास अत्यधिक तीखा रहा। सूर्योदय सुबह 6:53 बजे हुआ, लेकिन बादल और कोहरा हावी रहा।ठंड से राहत पाने के लिए पनागर के बस स्टैंड और मेन रोड,बड़े स्कूल,अभिमन्यु

चौक,थाने के पास मार्केट एवं मुख्य चौराहों पर लोग अलाव तापते नजर आए।

विजिबिलिटी कम : नेशनल हाईवे पर रेंगते रहे वाहन

कोहरे के कारण सड़कों पर दृश्यता विजिबिलिटी काफी कम दर्ज की गई। खासकर जबलपुर से पनागर मार्ग और नेशनल हाईवे पर वाहन चालक हेडलाइट जलाकर रेंगते नजर आए। कड़ाके की ठंड के बीच पनागर से जबलपुर आने-जाने वाले नौकरीपेशा लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। कोहरे और नमी के इस माहौल को फसलों के लिए तो ठीक माना जा रहा है, लेकिन पशुपालकों और खुले में काम करने वाले मजदूरों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

सूरतलाई में हुआ नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

नवभारत,बेलखाडू । ग्राम सूरतलाई में मंगेला रोड पर ग्राम समाजसेवी सौरभ पटेल द्वारा देव जी नेत्रालय के सौजन्य से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ पवन स्थापक एवं टीम की उपस्थिति में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 तक आयोजित किया गया। इस शिविर में 150 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिसमें देव जी नेत्रालय जबलपुर में मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु 25 लोगों का चयन हुआ।

इस अवसर पर अध्यक्ष रमेश नायडू, सौरभ पटेल, सरपंच बाल किशन पटेल, शिव कुमार पटेल, वीरेन्द्र पटेल, अजीत सिंह परिहार, साईं शेखर नायडू, आयुषी नायडू, ललिता नायडू, दिव्यांशु राव सहित अन्य का विशेष सहयोग रहा।

नवविवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला

मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

अनूपपुर, नवभारत 3 जनवरी। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के चचाई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बकही में 19 वर्षीय नवविवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान दयावती अगरिया के रूप में हुई है, जिसकी शादी महज 6 महीने पहले कमलेश अगरिया से हुई थी। घटना के बाद मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस की शुरुआती जांच में

मामला आपसी विवाद के बाद आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शनिवार को शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पति-पत्नी में हुआ था विवाद

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि दयावती और कमलेश की शादी लव कम अरेंज मैरिज थी।

बताया जा रहा है कि 1 जनवरी की शाम पति कमलेश एक पार्टी में गया था और देर रात घर लौटा, जिससे दयावती नाराज हो गई। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। अगले दिन सुबह जब कमलेश किसी काम से बाहर गया, उसी दौरान दयावती ने कमरे में फांसी लगा ली।

बस खाई में गिरी, 30 घायल, 4 की हालत गंभीर

गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया गया

शहपुरा नवभारत 3 जनवरी। शहपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत राछो घाट के पास शनिवार 3 जनवरी की सुबह करीब 9 बजे एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। जबलपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी रेलिंग को तोड़ते हुए खाई में गिर गई। इस दुर्घटना में बस में सवार करीब 30 यात्री घायल हो गए, जिनमें से 4 यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया गया है।

हादसे की सूचना मिलते ही शहपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायलों को खाई से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा पहुंचाया गया। जहां सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। बताया गया कि बस में सवार यात्री इलाज कराने के उद्देश्य से जबलपुर जा रहे थे।

इलाज के लिए जबलपुर जा रहे थे-शहपुरा थाना प्रभारी अनुराग जामदार ने बताया कि बस जबलपुर जा रही थी।

यात्री नि:शुल्क उपचार के लिए सुखसागर हॉस्पिटल जबलपुर जा रहे थे। पुलिस द्वारा घायलों की पहचान की जा रही है तथा उनके परिजनों को सूचना दी जा रही है। अधिकांश घायल शहपुरा जनपद क्षेत्र के आसपास के गांवों के निवासी बताए जा रहे हैं।

रिफाइन स्किन, हेयर एंड प्लास्टिक सर्जरी क्लिनिक में विशेष सुविधा

नवभारत, जबलपुर। रिफाइन स्किन, हेयर एंड प्लास्टिक सर्जरी क्लिनिक ने त्वचा, बालों और सौंदर्य संबंधी समस्याओं के लिए विशेष उपचार पैकेज शुरू किए हैं।विशेषज्ञ डॉक्टर व आधुनिक तकनीक क्लिनिक की प्रमुख डॉ. निधि गुप्ता एमबीबीएस, एमडी (स्किन एंड वीडी) हैं तथा कोलकाता के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज से प्रशिक्षित हैं।

डॉ. निधि गुप्ता ने बताया कि रिफाइन स्किन, हेयर एंड प्लास्टिक सर्जरी क्लिनिक गोल बजार में चेहरे की सफाई, एंटी एजिंग, मेडिकल फेशियल, हाइड्राफेशियल, केमिकल पीलिंग, कार्बन फेशियल, माइक्रो नीडलिंग और वैजाइनल नीडलिंग जैसी आधुनिक सेवाएं प्रदान की जा रही है।

यह जबलपुर का पहला केंद्र है जहां स्किन, हेयर और प्लास्टिक सर्जरी सभी उपचार एक छत के नीचे उपलब्ध हैं।

आम सूचना

मैं अपने पक्षकार राजेन्द्र कुमार बाथरे पिता स्व. भूरे लाल बाथरे की ओर से अधिकृत होकर आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने संपत्ति स्वामी जितेन्द्र विश्वकर्मा से उनके स्वामित्व की संपत्ति नगर निगम मकान नं. 142/1 मौजा गोरखपुर, नं.बं. 605, प.ह.नं. 24/2, रा.नि.मं. जबलपुर, पं. बनारसी दास भनोट वार्ड नं. 13 के अंतर्गत लक्ष्मी कालोनी, तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर स्थित भूमि ख.नं. 660/4/6/1/1 का भाग विक्रय प्लाट रकवा 20 फुट बाई 48 फुट याने 960 वर्गफुट (89.21 वर्गमीटर) जिस पर निर्मित रकवा 900 वर्गफुट (83.64 वर्गमीटर) पर पक्का आर.सी.सी. मकान बना हुआ है। उक्त संपत्ति जितेन्द्र विश्वकर्मा को वसीयत के आधार पर प्राप्त हुई थी जिसे मेरे पक्षकार ने पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से दिनांक 13.11.2024 को जितेन्द्र विश्वकर्मा से क्रय की थी। उक्त संपत्ति की ओरिजनल वसीयत कहीं गुम हो चुकी है केवल सर्टिफाइड कॉपी ही मेरे पक्षकार को प्राप्त हुई है। जिसे जितेन्द्र विश्वकर्मा ने मेरे पक्षकार को रजिस्ट्री के समय प्रदान की थी। जिस किसी भी व्यक्ति/ बैंक /संस्था को आपत्ति हो वह सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिनों के अंदर सूचित करें। जबलपुर दिनांक 04.01.2026 भवदीय-

सोमेश अवस्थी एड.
कार्यालय-चैंबर एएफ/ 1 कुबेर मार्केट नेपियर टाउन जबलपुर मो.-9713178232

नाम परिवर्तन/ सुधार सूचना

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि, मैं **SMT. PRIYANKA JAIN W/O SOMIL JAIN** निवासी 80/1, चन्द्रप्रभा पटेरिया रोड, वार्ड नंबर 34 भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड जबलपुर (म.प्र.) की निवासी होकर शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि विवाह के पूर्व मेरा नाम **PRIYANKA MUKESH JAIN** था। विवाह के पश्चात् मेरा नाम SMT. **PRIYANKA JAIN** हो गया है एवं मैंने अपने शासकीय अशासकीय दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक इत्यादि दस्तावेजों में मैंने अपना नया नाम **SMT. PRIYANKA JAIN** करा लिया है। अतः मैं अपने पासपोर्ट नवीनीकरण में भी अपना नया नाम **SMT. PRIYANKA JAIN** करवाना चाहती हूँ। मुझे मेरे नये नाम SMT. **PRIYANKA JAIN** के नाम से जाना, पहचाना एवं पढ़ा-लिखा जाये

New Name- Smt. Priyanka Jain
Old Name- Priyanka Mukesh Jain

नाम परिवर्तन/ सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं, **प्रदीप कुमार दुबे** पिता जगदीश प्रसाद, निवासी-12/03, कटंगी रोड, निकिता आटा चक्की के पास, शंकर नगर, जबलपुर (म.प्र.) का शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरा नाम शैक्षणिक योग्यता में मेरा नाम **प्रदीप कुमार** दर्ज है। जबकि मेरे शासकीय एवं अशासकीय दस्तावेजों में जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड इत्यादि में मेरा नाम **प्रदीप कुमार दुबे** दर्ज है। जो कि सत्य व सही है। अतः मुझे **प्रदीप कुमार दुबे** के नाम से जाना एवं पहचाना, पढ़ा व लिखा जावे।

नया नाम
PRADEEP KUMAR DUBEY
पुराना नाम-PRADEEP KUMAR

MUNICIPAL CORPORATION JABALPUR

No./HD/2026/PRO/733 **REQUEST FOR PROPOSAL** Jabalpur, Date 02/01/2026

Online bids for "Engagement of Agency For Survey, Assessment, Enforcement, Collection And Recovery of Outdoor Advertisement Revenue Collection In The Control Area of Jabalpur Municipal Corporation"

Cost Of Bid Document (Non Refundable)	5000/-
Earnest Money (EMD)	1,00,000/-
Issue Of RFP	06-01-2026, 10:30
Pre Bid Meeting	20-01-2026, 16:00
Bid Submission End Date	04-02-2026, 17:30
Opening Of Technical Bid	05-02-2026, 11:00
Opening Of Financial Bid	After Technical Evaluation
Tender Document & Other Details - www.mptenders.gov.in	
Amendment/Corrigendum, if any, would be published on website only.	

The detailed terms and conditions are given in the Request for Proposal (RFP / Tender Document)
Conditional Tenders will not be accepted. JMC has right to accept/reject any bid without assigning any reason. JMC reserves all rights to reject all / any proposal / modify the terms and conditions.

Executive Engineer (Hoarding)
Jabalpur Municipal Corporation

कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर

AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED OFFICE

इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन- 482001
Phone No. 761-2621541
E-mail : cepwdcentral@nic.in
निविदा सूचना क्रमांक-16/सा/2025-26
जबलपुर, दिनांक-29/12/2025

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकता है।

स. क्र.	टेण्डर आई.डी.	जिला/ लो.नि.वि. संभाग	कार्य का नाम	आमंत्रण	ठेके की अनुमानित राशि (रू. लाख में)	अमानत राशि रू.	निविदा प्रपत्र राशि रू.	समयावधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	2025_PWDRB_471241_1	जबलपुर क्रं.-1	कटंगा तिराहा से छाटी लाईन फाटक तक लंबाई 1.60 कि.मी. मार्ग का केबिल डक्ट के साथ सुदृड़ीकरण एवं नाली निर्माण अण्डर ग्राउण्ड एच.टी. एल.टी. लाईन तथा इन्यूमिनेशन कार्य सहित।	प्रथम	1368.04 लाख	10,00,000/-	30,000/-	12 माह वर्षाऋतु सहित
2.	2025_PWDRB_471506_1	जबलपुर क्रं.-1	सांई मंदिर, आदर्श नगर से ग्वारीघाट मार्ग तक व्हाईट टॉपिंग कार्य लंबाई 3.10 कि.मी.(4 लेन) का कार्य विद्युतीकरण सहित।	प्रथम	1547.18 लाख	10,00,000/-	30,000/-	12 माह वर्षाऋतु सहित
3.	2025_PWDRB_471510_1	मण्डला	मगरधा से बोधा बांध तिलहरी मार्ग का निर्माण लं.4.50 कि.मी. का कार्य विद्युतीकरण सहित।	प्रथम	770.45 लाख	7,70,500/-	20,000/-	08 माह वर्षाऋतु सहित
4.	2025_PWDRB_471483_1	नरसिंहपुर	नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत ढोंडा (हेमरा) से केसला मार्ग लं. 4.75 कि.मी. का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित।	द्वितीय	608.17 लाख	6,08,500/-	20,000/-	07 माह वर्षाऋतु सहित
5.	2025_PWDRB_471484_1	नरसिंहपुर	गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत सिहोरा से मेहगवां मार्ग लं. 7.00 कि.मी.का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित।	द्वितीय	726.52 लाख	7,27,000/-	20,000/-	07 माह वर्षाऋतु सहित
6.	2025_PWDRB_471485_1	नरसिंहपुर	गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत बम्होरीकलां से सुपारी मार्ग लं. 4.30 कि.मी. का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित।	द्वितीय	508.35 लाख	5,08,100/-	20,000/-	06 माह वर्षाऋतु सहित

टीपः-निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 15/01/2026 समय 5:30 PM तक है। निविदा में होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य अभियंता लो.नि. वि.
जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर

जी-23799/25

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

GOVT. OF INDIA, MINISTRY OF DEFENCE

ORDNANCE HOSPITAL KHAMARIA, (OFH-OFK/DoO) JABALPUR (M.P.) - 482005

"WALK-IN-INTERVIEW"

REQUIRES HIRED MEDICAL PRACTITIONERS (HMP) FOR ORDNANCE HOSPITAL, KHAMARIA, JABALPUR.

A walk-in-interview shall be held at Ordnance Factory Hospital Khamaria, Jabalpur for drawing a panel of Medical Practitioners "HMP" to be hired full time service on contractual basis for Ordnance Factory Hospital Khamaria.

Education/Qualification	:	MBBS or Equivalent Degree Recognized by MCI/NMC. Candidate should be registered with Central/State Medical Council.
Remuneration	:	Rs. 75000.00 per month consolidated.
Daily rate of reductio for absence.	:	Rs. 2500.00 per day.
Date & Time of Interview	:	12/01/2026 (Monday) from 10:00 AM to 12:00 PM
Venue	:	Ordnance Factory Hospital, Khamaria, CMO Chamber. Jabalpur - 482005.
Number of HMP to be hired	:	01 (One) and to maintain a panel of selected candidates for future requirement.
Period of Contract	:	06 months (further 06 months extension may be considered on satisfactory performance by the competent authority). It is purely contractual in nature. "Instructions of DOP&T related to reservation policy, as issued from Time to time are to be strictly complied with".
Leave	:	Sundays & National Holidays would be compensated with "C off".

The willing candidates along with *MCI recognized MBBS Degree certificates and Medical Registration Certificate* in original (with one attested photocopy) & resume / bio-data, two recent photographs and along with identification card (Passport/Pan Card, Aadhar Card/Driving License/Voter I.D) may report on the said date & time at Ordnance Hospital Khamaria, CMO Chamber for the walk-in-interview.

CMO I/C
OFH-OFK
Contact No. 0761-274-2481,3601
Mail Id: moic.khamaria@ord.gov.in

निधन

रामेंद्र बड़गैयाँ

पनागर। ग्राम पंचायत पड़रिया निवासी रामेंद्र बड़गैयाँ का 56 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आप दीपक बड़गैयाँ के पिता थे। अंतिम यात्रा आज 3 बजे हर्षित नगर जबलपुर से रानीताल शमशान के लिए प्रस्थान करेगी।

पवन रजक

जबलपुर। मेंहदीबाग,सदर निवासी शंकर रजक के पुत्र व विजय और हिमांशु रजक के साले पवन रजक का निधन हो गया। अंतिम यात्रा आज रविवार को प्रात:11 बजे निवास स्थान मेंहदीबाग,सदर से ग्वारीघाट मुक्तिधाम को रवाना होगी।

साहित्य सामाजिक परिवर्तन का आधार

जबलपुर, नवभारत। उक्त विचार वर्तिका की मासिक काव्य गोष्ठी में अतिथियों ने व्यक्त करते हुए कहा कि साहित्य सामाजिक परिवर्तन का आधार है जो हमें ज्ञान मनोरंजन प्रेरणा एवं सामाजिक संदेश देता है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलोक श्रीवास्तव एवं अध्यक्षता डॉ मीना भट्ट ने की विशिष्ट अतिथि दिवाकर शर्मा एवं अतिथि स्वागत प्रतिमा अखिलेश श्रीवास्तव मुख्य वक्ता राजेश पाठक प्रवीण थे जिन्होंने वर्तिका की साहित्यिक परंपरा एवं राष्ट्रीय अलंकरण समारोह के बारे में जानकारी दी संयोजक विजय नेमा ने फरवरी में होने जा रहे वार्षिक अधिवेशन की विस्तृत जानकारियां दी कार्यक्रम का संचालन यूनुस अदीब एवं आशुतोष तिवारी ने किया आभार सुशील श्रीवास्तव द्वारा दिया गया इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार शिवकुमार दुबे इंदौर एवं मनोज जैन मित्र के काव्य पटल का लोकार्पण भी हुआ उल्लेखनीय है कि यह काव्य पटेल शहीद स्मारक प्रांगण में एक माह तक पाठकों के लिए लगा रहता है कार्यक्रम के द्वितीय चरण में काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें एक से बढ़कर एक समसामयिक रचनाओं का पाठ किया गया संस्कारधानी के कुंजीलाल श्रीवास्तव, प्रीति नामदेव, प्रभा खरे, छाया त्रिवेदी, शशिकला सेन, प्रभा श्रीवास्तव, डॉ सलमा जमाल,तरुणा खरे ,मनोज शुक्ला, सुशील जैन ,निर्मला उत्तम श्रीवास्तव, सुवीर श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।